कर्नाटक सर्कार

सरकारी हाईस्कूल एस.आर.कालोनी बल्लारी 583101

विद्यागम निरंतर सीखने का कार्यक्रमका विवरण।

टिप्पणी : - मान्य अधीक्षक लेटर सं:स.शि.का / विद्यागमा.आ/13497 / 2020 - 21, द: दिनांक 04-08-2020

इसके अनुसार

अध्यापक का नाम: महबूब भाषा. एम

सरकारि हाई स्कूल एस.आर.कॉलोनी

बेल्लारी पूर्व क्षेत्र बल्लारी- 583101

मोबैल-9739458747

सरकारी हाईस्कूल एस.आर.कालोनी बल्लारी 583101

अनुक्रमणिका

क्र.सं	विषय
01	वर्णमाला
02	बारहखड़ी
03	गिनती
04	संज्ञा
05	सर्वनाम
06	विशिषण
07	क्रिया
08	लिंग
09	वचन
10	विलोम शब्द
11	कारक
12	संधि
13	समास
14	विराम चिह्न
15	मुहावरे
16	पत्र लेखन
17	निबंध
18	अनुवाद
19	प्रश्न पत्र (नैदानिक परीक्षा)
20	प्रश्न पत्र (साफ़ल्य परीक्षा)

हिन्दी वर्णमाला

स्वर

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः

व्यंजन :-

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण (ड़, ढ़)

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

वर्णमाला से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://youtu.be/gsYkXxNo0DM

02 https://youtu.be/8AabA8Z8z3g

03 https://youtu.be/sd25aYDaXLY

04 https://youtu.be/ZH6Y1-sp75k

05 https://youtu.be/F2-JDbCXJI4

बारहखड़ी

क का कि की कु कू के कै को कौ कं क

ख खा खि खी खु खू खे खै खो खौ खं खः

ग गा गि गी गु गू गे गै गो गौ गं गः

घ घा घि घी घु घू घे घै घो घौ घं घः

च चा चि ची चु चू चे चै चो चौ चं चः

छ छा छि छी छु छू छे छै छो छौ छं छः

ज- जा जि जी जु जू जे जै जो जौ जं जः

झ- झा- झि- झी- झु- झू- झे- झै- झो- झौ- झं- झः

ट- टा- टि- टी- टु- टू- टे- टै- टो- टौ- टं- टः

ठ- ठा- ठि- ठी- ठु- ठू- ठे- ठै- ठो- ठौ- ठं- ठः

ड- डा- डि- डी- डु- डू- डे- डै- डो- डौ- डं- डः

ढ- ढा- ढि- ढी- ढु- ढू- ढे- ढै- ढो- ढौ- ढं- ढः

ण- णा- णि- णी- णु- णू- णे- णै- णो- णौ- णं- णः

त- ता- ति- ती- तु- तू- ते- तै- तो- तौ- तं- तः

थ- था थि- थी- थु- थू- थे- थै थो- थौ- थं- थः

द- दा दि- दी- दु- दू- दे- दै दो- दौ- दं- दः

ध- धा धि- धी- धु- धू- धे- धै धो- धौ- धं- धः

न- ना नि- नी- नु- नू- ने- नै नो- नौ- नं- नः

प- पा पि- पी- पु- पू- पे- पै पो- पौ- पं- पः

फ- फा फि- फी- फु- फू- फे- फै फो- फौ- फं- फः

ब- बा बि- बी- बु- बू- बे- बै- बो- बौ- बं- बः

भ- भा- भि- भी- भु- भू-भे- भै- भो- भौ- भं- भः

म- मा- मि- मी- मु- मू- मे- मै- मो- मौ- मं- मः

य- या- यि- यी- यु- यू-ये- यै- यो- यौ- यं- यः

र- रा- रि- री- रु- रू- रे- रै- रो- रौ- रं- रः

ल- ला- लि- ली- लु- लू- ले- लै- लो- लौ- लं- लः

व- वा- वि- वी- वु- वू- वे- वै- वो- वौ- वं- वः

श	शा	शि	शी	शु	शू	शे	शै	शो	शौ	शं	शः
ष	षा	षि	षी	षु	षू	षे	षै	षो	षौ	षं	षः
स	सा	सि	सी	सु	सू	से	सै	सो	सौ	सं	सः
ह	हा	हि	ही	हु	हू	हे	है	हो	हौ	हं	हः
क्ष-	क्षा-	क्षि-	क्षी-	क्षु-	क्षू-	क्षे	क्षै-	क्षो-	क्षौ-	क्षं-	क्षः
ज्ञ-	ज्ञा-	ज्ञि-	ज्ञी-	ज्ञु-	ज्ञू-	ज्ञे-	ज्ञै-	ज्ञो-	ज्ञौ-	ज्ञं-	ज्ञः
त्र	त्रा	त्रि	त्री	त्रु	त्रू	त्रे	त्रै	त्रो	त्रौ	त्रं	त्रः

बारहखड़ी से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=vt0O19OLqZw

02 https://www.youtube.com/watch?v=wT4EN1nVB8c

03 https://www.youtube.com/watch?v=7Vw6bKuCOF8

04 https://www.youtube.com/watch?v=xH6PHTvvJl4

05 https://www.youtube.com/watch?v=rSwmWq0Vb6I

गिनती

Number in English	Hindi Numbers or Numerals	Hindi Numbers Name in Hindi Font and Pronunciation Sense	Numbers in English Words
1	१	एक (ek)	One
2	२	दो (do)	Two
3	३	तीन (teen)	Three
4	४	चार (cāra)	Four
5	५	पांच (pāṃca)	Five
6	६	छः (chaḥ)	Six
7	७	सात (sāta)	Seven
8	८	आठ (āṭha)	Eight
9	९	नौ (nau)	Nine
10	१०	दस (dasa)	Ten
11	११	ग्यारह (gyāraha)	Eleven
12	१२	बारह (bāraha)	Twelve
13	१३	तेरह (tēraha)	Thirteen
14	१४	चौदह (caudaha)	fourteen
15	१५	पंद्रह (paṃdraha)	Fifteen
16	१६	सोलह (solaha)	Sixteen
17	१७	सत्रह (satraha)	seventeen
18	१८	अट्ठारह (aṭṭhāraha)	eighteen
19	१९	उन्निस (unnisa)	nineteen
20	२०	बीस (bīsa)	Twenty

21	२१	इक्कीस (ikkīsa)	twenty-one
22	२२	बाईस (bāīsa)	twenty-two
23	२३	तेईस (tēīsa)	twenty-three
24	२४	चौबीस (chaubīsa)	twenty-four
25	२५	पच्चीस (paccīsa)	twenty-five
26	२६	छब्बीस (chabbīsa)	twenty-six
27	२७	सत्ताईस (sattāīsa)	twenty-seven
28	२८	अट्ठाईस (aṭṭhāīsa)	twenty-eight
29	२९	उनतीस (unatīsa)	twenty-nine
30	३०	तीस (tīsa)	thirty
31	३१	इकतीस (ikatīsa)	thirty-one
32	३२	बत्तीस (battīsa)	thirty-two
33	३३	तैंतीस (taiṃtīsa)	thirty-three
34	३४	चौंतीस (cauṃtīsa)	thirty-four
35	३५	पैंतीस (paiṃtīsa)	thirty-five
36	३६	छत्तीस (chattīsa)	thirty-six
37	३७	सैंतीस (saiṃtīsa)	thirty-seven
38	३८	अड़तीस (aṛatīsa)	thirty-eight
39	३९	उनतालीस (unatālīsa)	thirty-nine
40	४०	चालीस (cālīsa)	forty
41	४१	इकतालीस (ikatālīsa)	forty-one
42	४२	बयालीस (bayālīsa)	forty-two
43	४३	तैंतालीस (taiṃtālīsa)	forty-three
44	४४	चौंतालीस (cauṃtālīsa)	forty-four

45	४५	पैंतालीस (paiṃtālīsa)	forty-five
46	४६	छियालीस (chiyālīsa)	forty-six
47	४७	सैंतालीस (saiṃtālīsa)	forty-seven
48	४८	अड़तालीस (aṛatālīsa)	forty-eight
49	४९	उनचास (unacāsa)	forty-nine
50	५०	पचास (pacāsa)	fifty
51	५१	इक्याबन (ikyābana)	fifty-one
52	५२	बावन (bāvana)	fifty-two
53	५३	तिरेपन (tirēpana)	fifty-three
54	५४	चौबन (caubana)	fifty-four
55	५५	पचपन (pacapana)	fifty-five
56	५६	छप्पन (chappana)	fifty-six
57	५७	सत्तावन (sattāvana)	fifty-seven
58	५८	अट्ठावन (aṭṭhāvana)	fifty-eight
59	५९	उनसठ (unasaṭha)	fifty-nine
60	६०	साठ (sāṭha)	sixty
61	६१	इकसठ (ikasaṭha)	sixty-one
62	६२	बासठ (bāsaṭha)	sixty-two
63	६३	तिरसठ (tirasaṭha)	sixty-three
64	६४	चौंसठ (cauṃsaṭha)	sixty-four
65	६५	पैंसठ (paiṃsaṭha)	sixty-five
66	६६	छियासठ (chiyāsaṭha)	sixty-six
67	६७	सड़सठ (saṛasaṭha)	sixty-seven
68	६८	अड़सठ (aṛasaṭha)	sixty-eight

69	६९	उनहत्तर (unahattara)	sixty-nine
70	७०	सत्तर (sattara)	seventy
71	७१	इकहत्तर (ikahattara)	seventy-one
72	७२	बहत्तर (bahattara)	seventy-two
73	७३	तिहत्तर (tihattara)	seventy-three
74	७४	चौहत्तर (cauhattara)	seventy-four
75	७५	पचहत्तर (pacahattara)	seventy-five
76	७६	छिहत्तर (chihattara)	seventy-six
77	७७	सतहत्तर (satahattara)	seventy-seven
78	७८	अठहत्तर (aṭhahattara)	seventy-eight
79	७९	उनासी (unāsī)	seventy-nine
80	८०	अस्सी (assī)	eighty
81	८१	इक्यासी (ikyāsī)	eighty-one
82	८२	बयासी (bayāsī)	eighty-two
83	८३	तिरासी (tirāsī)	eighty-three
84	८४	चौरासी (caurāsī)	eighty-four
85	८५	पचासी (pacāsī)	eighty-five
86	८६	छियासी (chiyāsī)	eighty-six
87	८७	सतासी (satāsī)	eighty-seven
88	८८	अठासी (aṭhāsī)	eighty-eight
89	८९	नवासी (navāsī)	eighty-nine
90	९०	नब्बे (nabbē)	ninety
91	९१	इक्यानबे (ikyānabē)	ninety-one
92	९२	बानवे (bānavē)	ninety-two

93	९३	तिरानवे (tirānavē)	ninety-three
94	९४	चौरानवे (caurānavē)	ninety-four
95	९५	पचानवे (pacānavē)	ninety-five
96	९६	छियानवे (chiyānavē)	ninety-six
97	९७	सत्तानवे (sattānavē)	ninety-seven
98	९८	अट्ठानवे (aṭṭhānavē)	ninety-eight
99	९९	निन्यानवे (ninyānavē)	ninety-nine
100	१००	(एक) सौ (ēka sau)	hundred

संज्ञा

सम्पूर्ण संज्ञा अंग भेद उदहारण सरल परीक्षा में उपयोगी। हम आपको इस विषय पर पूरी जानकारी देने जा रहे हैं | अगर आपके मन में कोई भी सवाल आये तो आप बेधड़क नीचे कमेंट करके पूछ सकते हैं | हम आप तक जरूर पहुंचेंगे |

संज्ञा के भेद परिभाषा और उदाहरण

" श्याम " खाना खा रहा है = श्याम व्यक्ति का नाम है।

" अमरुद " में मिठास है = अमरूद फल का नाम है।

" घोडा " दौड़ रहा है = घोड़ा एक पशु का नाम है।

संज्ञा किसे कहते है ?

किसी व्यक्ति (प्राणी) वस्तु , स्थान , अथवा भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते है। जैसे – श्याम , दिल्ली , आम , मिठास , गाय आदि।

संज्ञा के कितने भेद है ?

इस के तीन भेद है – व्यक्तिवाचक , जातिवाचक , भाववाचक संज्ञा।

1 व्यक्तिवाचक संज्ञा (PROPERNOUN) (Vyakti vachak sangya) –

वह शब्द जो किसी एक व्यक्ति , वस्तु , स्थान आदि का बोध करवाता है उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है।

जैसे –

राम – व्यक्ति का नाम है

श्याम – व्यक्ति का नाम है

टेबल – बैठक का एक साधन है किन्तु एक नाम को सूचित कर रहा है इसलिए यह व्यक्तिवाचक है।

कुर्सी – बैठक का एक साधन है किन्तु एक नाम को सूचित कर रहा है इसलिए यह व्यक्तिवाचक है।

कार – यातायात का एक साधन है , किन्तु सम्पूर्ण यातायात नहीं है कार एक माध्यम है।इसके कारन यह एक व्यक्ति को इंगित कर रहा है।

दिल्ली – एक राज्य है किन्तु पूरा देश नहीं इसलिए यह व्यक्तिवाचक है।

मुंम्बई – एक राज्य है किन्तु पूरा देश नहीं इसलिए यह व्यक्तिवाचक है।

2 जातिवाचक संज्ञा (COMMON NOUN) (Jaati vachak sangya) –

जो शब्द संज्ञा किसी जाति , का बोध करवाता है वह जातिवाचक संज्ञा कहलाता है। जैसे –

लड़का , लड़की , नदी , पर्वत आदि।

=> जातिवाचक संज्ञा के दो भेद है १ द्रव्यवाचक संज्ञा २ समूह वाचक संज्ञा।

01 द्रव्यवाचक संज्ञा (MATERIAL NOUN) (Dravya vachak sangya) –

जिस संज्ञा शब्दों से किसी धातु , द्रव्य , सामग्री , पदार्थ आदि का बोध हो , उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते है। जैसे –

गेहूं – भोजन की सामाग्री है।

चवल – भोजन की सामाग्री है।

घी – भोजन की सामाग्री है।

सोना – आभूषण के लिए एक द्रव्य या पदार्थ है।

चांदी – आभूषण के लिए एक पदार्थ है।

तांबा – एक धातु है। ऊन – ऊन वस्त्र बनाने की एक सामाग्री है।

02. समूह वाचक संज्ञा (COLLECTIVE NOUN) (Samooh vachak sangya) –

जिन संज्ञा शब्दों से किसी एक व्यक्ति का बोध न होकर पुरे समूह / समाज का बोध हो वह समूह वाचक / समुदायवाचक संज्ञा होता है। जैसे –

सेना – सेना में कई सैनिक होते है। यहाँ समूह की बात हो रही है।

पुलिस – पुलिस हर स्थान , राज्य , देश में होते है। उसी बड़े रूप को इंगित किया जा रहा है।

पुस्तकालय – पुस्तकालय में अनेक पुस्तक होते है। यहाँ किसी एक पुस्तक की बात नहीं हो रही है।

दल – अनेक व्यक्तिों से मिलकर एक दल , या समूह का निर्माण होता है।

समिति – अनेक व्यक्तिों से मिलकर एक समिति , या समूह का निर्माण होता है।

आयोग – आयोग का गठन किसी खास उद्देश्य के लिए किया जाता है , इसमें अनेक सदस्य होते है।

परिवार – एक परिवार में अनेक सदस्य हो सकते है यहाँ तक की 2 -3 पीढ़ी भी।

3 भाववाचक संज्ञा (ABSTRACT NOUN) (Bhav vachak sangya) –

जिन संज्ञा शब्दों से पदार्थों की अवस्था , गुण – दोष , धर्म , दशा , आदि का बोध हो वह भाववाचक संज्ञा कहलाता है। जैसे–

बुढ़ापा – बुढ़ापा जीवन की एक अवस्था है।

मिठास – मिठास मिठाई का गुण है।

क्रोध – क्रोध एक भाव या दशा है।

हर्ष – हर्ष एक भाव या दशा है।

यौवन – यौवन स्त्री की एक दशा है।

बालपन – बालपन बालक का गुण है अथवा एक दशा और अवस्था है।

मोटापा – मोटापा एक अवस्था है जो मोटापे का इंगित करता है।

संज्ञा की पहचान क्या है ? (Sangya ki pehchan kya hai)

कुछ संज्ञा शब्द प्राणीवाचक होता है , तो कुछ शब्द अप्राणिवाचक। कुछ शब्द गणनीय होती है तो कुछ शब्द अगणनीय।

01 प्राणीवाचक sangya –

वह शब्द जिससे किसे सजीव वस्तु का बोध हो जिसमे प्राण हो उसे प्राणीवाचक संज्ञा कहते है जैसे – लड़का,गाय,रमेश

चिड़िया आदि उपरोक्त सभी में प्राण है इस कारण यह प्राणीवाचक संज्ञा कहलाता है।

02 अप्राणिवाचक sangya –

जिस वस्तु , में प्राण न हो वह अप्राणिवाचक संज्ञा कहलाता है जैसे –

मेज,रेलगाडी,मकान,पुस्तक,पर्वत

उपरोक्त शब्दों में प्राण / या सजीव नहीं है। इसलिए यह अप्राणिवाचक संज्ञा है।

03 गणनीय sangya –

जिस व्यक्ति , वस्तु , पदार्थ आदि की गणना की जा सकती है। उसकी सांख्या ज्ञात की जा सकती है वह शब्द गणनीय sangya कहलायेगा। जैसे –

लड़का,पुस्तक,भवन,गाय,केले

04 अगणनीय sangya –

जिस व्यक्ति , वस्तु , पदार्थ आदि की गणना नहीं की जा सकती है। उसकी सांख्या ज्ञात नहीं की जा सकती है वह शब्द अगणनीय संज्ञा कहलायेगा। जैसे –

दूध,पानी,हवा,मित्रता आदि

संज्ञा से संबंधित यूटूब लिंक्स

01 https://youtu.be/r3Yy0B__np8

02 https://youtu.be/YgVqeQURn9Y

03 https://youtu.be/en3s69EEOPc

04 https://youtu.be/jzJ6h2mtahY

05 https://youtu.be/Cia9_BtCAO8

सर्वनाम की परिभाषा:

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त वाले शब्दों को सर्वनाम कहा जाता है। सर्वनाम संज्ञाओं की पुनरावृति रोककर वाक्यों को सौंदर्ययुक्त बनता है। मूलतः सर्वनामों की संख्या ग्यारह है –

मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कौन, कोई और कुछ आदि।

सर्वनाम के भेद:

1. पुरुषवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता द्वारा खुद के लिए या दुसरो के लिए किया जाता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे – मैं, हम (वक्ता द्वारा खुद के लिए), **तुम और आप** (सुनने वाले के लिए) और **यह, वह, ये, वे** (किसी और के बारे में बात करने के लिए) आदि।

पुरुषवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

नीचे लिखे उदाहरणों को देखें –

मैं फिल्म देखना चाहता हूँ।

मैं घर जाना चाहती हूँ।

आप कहते हैं तो ठीक ही होगा।

तुम जब तक आये तब तक वह चला गया।

आजकल **आप** कहाँ रहते हैं।

वह पढने में बहुत तेज है।

पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं -:

उत्तमपुरुष :

जिन शब्दों का प्रयोग बोलने वाला खुद के लिए करता है। इसके अंतर्गत **मैं, मेरा, मेरे, मेरी, मुझे, मुझको, हम, हमें, हमको, हमारा, हमारे, हमारी** आदि आते हैं। जैसे – **मैं** फुटबॉल खेलता हूँ। **हम** दो, **हमारे** दो।

मध्यम पुरुष :

जिन शब्दों का प्रयोग सुनने वाले के लिए किया जाता है। इसके अंतर्गत **तू, तुझे, तुझको, तेरा, तेरे, तेरी, तुम, तुम्हे, तुमको, तुम्हारा, तुम्हारे, तुम्हारी, आप** आदि आते हैं। जैसे – **तुम** बहुत अच्छे हो।

अन्य पुरुष :

जिन शब्दों का प्रयोग किसी तीसरे व्यक्ति के बारे में बात करने के लिए होता है। इसके अंतर्गत **यह, वह, ये, वे** आदि आते हैं। इनमें व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण भी शामिल हैं।

2. निजवाचक सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता किसी चीज़ को अपने साथ दर्शाने या अपनी बताने के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

निजवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

जैसे-: **मैं** अपने कपडे **स्वयं** धो लूँगा।

मैं वहां **अपने आप** चला जाऊंगा।

ऊपर दिए वाक्यों में वक्ता ने खुद के लिए **स्वयं** और **अपने आप** का प्रयोग कामों को खुद से जोड़ने के लिए किया।

जहाँ 'आप' शब्द का प्रयोग श्रोता के लिए हो वहाँ यह आदर-सूचक मध्यम पुरुष होता है और जहाँ 'आप' शब्द का प्रयोग अपने लिए हो वहाँ निजवाचक होता है।

(निजवाचक सर्वनाम के बारे में गहराई से पढने के लिए यहाँ क्लिक करें – निजवाचक सर्वनाम – परिभाषा, उदाहरण)

3. निश्चयवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों से किसी वस्तु, व्यक्ति या स्थान की निश्चितता का बोध हो वे शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

निश्चयवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

जैसे -: यह, वह आदि।

यह कार मेरी है।

वह मोटरबाइक तुम्हारी है।

ये पुस्तकें मेरी हैं।

वे मिठाइयाँ हैं।

यह एक गाय है।

ऊपर दिए वाक्यों में **यह, वह, ये, वे** आदि का इस्तेमाल वस्तु, व्यक्ति आदि की निश्चितता का बोध कराने के लिए किया गया है अतः ये निश्चयवाचक सर्वनाम कहलायेंगे।

(निश्चयवाचक सर्वनाम के बारे में गहराई से पढने के लिए यहाँ क्लिक करें – निश्चयवाचक सर्वनाम – भेद, उदाहरण)

4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों से वस्तु, व्यक्ति, स्थान आदि की निश्चितता का बोध नही होता वे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। **अनिश्चयवाचक सर्वनाम के उदाहरण:**

जैसे-: कुछ, कोई आदि।

मुझे **कुछ** खाना है।

मेरे खाने में **कुछ** गिर गया।

मुझे बाज़ार से **कुछ** लाना है।

कोई आ रहा है।

मुझे **कोई** नज़र आ रहा है।

ऊपर दिए गए वाक्यों में वक्ता सिर्फ अंदाजा लगा रहा है लेकिन हमे कस्तू या व्यक्ति की निश्चितता का बोध नहीं हो रहा है। अतः कुछ, कोई आदि शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आते हैं।

(अनिश्चयवाचक सर्वनाम के बारे में गहराई से पढने के लिए यहाँ क्लिक करें – अनिश्चयवाचक सर्वनाम – परिभाषा, उदाहरण)

5. प्रश्नवाचक सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग किसी वस्तु, व्यक्ति आदि के बारे में कोई सवाल पूछने या उसके बारे में जान्ने के लिए किया जाता है उन शब्दों को प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

प्रश्नवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

जैसे- **कौन**, **क्या**, **कब**, **कहाँ** आदि।

देखो तो **कौन** आया है?

आपने **क्या** खाया है?

ऊपर दिए वाक्यों में '**कौन**' तथा '**क्या**' शब्दों का प्रयोग करके किसी व्यक्ति या वस्तु के बारे में जानने की कोशिश की जा रही है। अतः ये प्रश्नवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आएंगे।

(प्रश्नवाचक सर्वनाम के बारे में गहराई से पढने के लिए यहाँ क्लिक करें – प्रश्नवाचक सर्वनाम – परिभाषा, उदाहरण)

6. सम्बन्धवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी वस्तु या व्यक्ति का सम्बन्ध बताने के लिए किया जाए वे शब्द सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

सम्बन्धवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

जैसे :- **जो-सो**, **जैसा-वैसा** आदि।

जैसी करनी **वैसी** भरनी।

जो सोवेगा **सो** खोवेगा जो जागेगा सो पावेगा।

जैसा बोओगे **वैसा** काटोगे।

ऊपर दिए वाक्यों में '**जो-सो**' व '**जैसे-वैसे**' शब्दों का प्रयोग करके किसी वस्तु या व्यक्ति में सम्बन्ध बताया जा रहा है। अतःये शब्द सम्बन्धवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आते हैं।

सर्वनाम से संबंधित यूट्ब लिंक्स

01 https://youtu.be/SQio6kOOOj0

02 https://youtu.be/h6SyF2kWAeo

03 https://youtu.be/BgYbnzMucwE

04 https://youtu.be/uQ3knFmvfqA

05 https://youtu.be/bQOz6bBKCpQ

विशेषण-

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। यथा----

अच्छा लड़का, तीन पुस्तकें, नई कलम इत्यादि।

इनमे अच्छा, तीन और नई शब्द विशेषण है जो विशेष्य की विशेषता बतलाते हैं।

हिंदी में विशेषण 5 प्रकार के होते हैं। यथा----

1.गुणवाचक विशेषण
2.परिमाणवाचक विशेषण
3.संख्यावाचक विशेषण
4.सार्वनामिक विशेषण
5.व्यक्तिवाचक विशेषण

01.गुणवाचक विशेषण

जिस विशेषण से किसी संज्ञा सर्वनाम का गुण प्रकट हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते है। इसके अंतर्गत :-
गुण: अच्छा,चालक,बुद्धिमान आदि दोष:: बुरा,गंदा,दुष्ट आदि रंग: काला,लाल आदि आकार:
लंबा,छोटा,गोल आदि अवस्था: बीमार,घायल आदि स्थान: पंजाबी,भारतीय,बंगाली आदि आते है।

02.परिमाणवाचक विशेषण

जिससे किसी चीज की परिमाण का बोध होता है उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। यथा----
थोड़ा पानी, बहुत दूध इत्यादि।
यहां पर थोड़ा और बहुत यह दोनों विशेषण है। जो क्रमानुसार पानी और दूध के परिमाण को समझा रहा हैं।

03.संख्यावाचक विशेषण

जिससे संख्या का बोध होता है उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। यथा----
एक किताब, दो मनुष्य, तीन लड़के इत्यादि।

यहां पर एक, दो और तीन यह तीन विशेषण है। जिससे क्रमानुसार किताब, मनुष्य और लड़के की संख्या का बोध हो रहा हैं।

04.सार्वनामिक विशेषण

ऐसे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा से पहले लगकर उस संज्ञा शब्द की विशेषण की तरह विशेषता बताते हैं, वे शब्द सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।
यह शब्द संज्ञा के लिए विशेषण का काम करते हैं। जैसे: मेरी पुस्तक , कोई बालक , किसी का महल , वह लड़का , वह बालक , वह पुस्तक , वह आदमी , वह लडकी आदि।

05.व्यक्तिवाचक विशेषण

व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों से बने विशेषण को व्यक्तिवाचक विशेषण कहते हैं। यथा- वह राम ही है, जो कल वहां खड़ा थाभरत जोधपुरी जूती पहनता हैं।
इस वाक्य में जोधपुर व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है जो जोधपुरी में बदलकर व्यक्तिवाचक विशेषण हो गया है और जो जूती(जातिवाचक संज्ञा) की विशेषता बता रहा है।

विशेषण से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=f4QDsWucgAg

02 https://www.youtube.com/watch?v=AvakIFgvDPQ

03 https://www.youtube.com/watch?v=D1vfH1AL5k4

04 https://www.youtube.com/watch?v=-oaQZzgB9-o

05 https://www.youtube.com/watch?v=mAGsLgkWN_g

प्रेरणार्थक क्रिया :-

जिन क्रियाओं के प्रयोग से यह पता चले की कर्ता खुद कार्य न करके किसी और से कार्य करवा रहा है या किसी और को कार्य करने की प्रेरणा दे रहा हो उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।
जैसे :- कटवाना , करवाना , बोलवाना , पढवाना , लिखवाना , खिलवाना , सुनाना , पिलवाना , पिलवाता , पिलवाती आदि।

प्रेरणार्थक क्रिया के रूप :-

1. प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया
2. द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया

1. प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया :- प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया में कर्ता प्रेरक बनकर प्रेरणा देता है उसे प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं। ये सभी क्रियाएँ सकर्मक होती हैं।
जैसे :- माँ परिवार के लिए भोजन बनाती है।
जोकर सर्कस में खेल दिखाता है।

2. द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया :- द्वितीय प्रेरणार्थ क्रिया में कर्ता खुद दूसरे को काम करने की प्रेरणा देता है उसे द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।

जैसे:- माँ पुत्री से भोजन बनवाती है।

जोकर सर्कस में हाथी से करतब करवाता है।

प्रेरणार्थक क्रिया बनाने के कुछ नियम इस प्रकार हैं :-

(i) मूल दो अक्षर वाली धातुओं में जब आना या वाना जोड़ दिया जाता है।

जैसे :- पढ़ – पढ़ाना – पढवाना।

चल – चलाना – चलवाना।

(ii) दो अक्षर वाली धातुओं में जब ऐ या ओ जोड़ दिया जाता है। जब दीर्घ स्वर को ह्रस्व स्वर बना दिया जाता है।

जैसे :- जीत – जिताना – जितवाना।

लेट – लिटाना – लिटवाना।

(iii) तीन अक्षर वाली धातुओं में जब आना और वाना जोड़ दिया जाता है।

जैसे :- समझ – समझाना – समझवाना।

बदल – बदलाना – बदलवाना।

(iv) कुछ धातुओं में आवश्यकतानुसार प्रत्यय लगाए जाते हैं।

जैसे :- जी – जिलाना – जिलवाना।

प्रेरणार्थक क्रिया के उदहारण इस प्रकार हैं :-

मूल क्रिया = प्रथम प्रेरणार्थक = द्वितीय प्रेरणार्थक के उदहारण इस प्रकार हैं :-

(i) उठना = उठाना = उठवाना

(ii) उड़ना = उड़ाना = उडवाना

(iii) चलना = चलाना = चलवाना

(iv) देना = दिलाना = दिलवाना

(v) जीना = जिलाना = जिलवाना

(vi) लिखना = लिखाना = लिखवाना

(vii) जगना = जगाना = जगवाना

(viii) सोना = सुलाना = सुलवाना

(ix) पीना = पिलाना = पिलवाना

(x) देना = दिलाना = दिलवाना

(xi) धोना = धुलाना = धुलवाना

(xii) रोना = रुलाना = रुलवाना

(xiii) घूमना = घुमाना = घुमवाना

(xiv) पढना = पढ़ाना = पढवाना

(xv) देखना = दिखाना = दिखवाना

(xvi) खाना = खिलाना = खिलवाना आदि।

प्रेरणार्थक क्रिया से संबंधित यूटूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=xRhTBgPgqoA

02 https://www.youtube.com/watch?v=gD3nwzO2U9E

03 https://www.youtube.com/watch?v=oUCw8PK6S44

04 https://www.youtube.com/watch?v=YrYouagBxOc

05 https://www.youtube.com/watch?v=UP-xAjvpRek

लिंग

जो शब्द संज्ञा में विकार या परिवर्तन लाते हैं, वे विकारी तत्व कहलाते हैं। लिंग, वचन तथा कारक के कारण संज्ञा का रूप बदल जाता है।

शब्द के जिस रूप से स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो, वह लिंग कहलाता है।

स्त्री तथा पुरुष जाति का बोध कराने के आधार पर लिंग के दो भेद हैं-

1. पुल्लिंग
2. स्त्रीलिंग

1. पुल्लिंग – पुरुष जाति को बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते है; जैसे-पिता, नौकर, घोड़ा, स्टेशन, अखबार, पेड़ आदि।

2. स्त्रीलिंग – स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे-माँ, सेठानी, घोड़ी, चिड़िया, मेज, कुरसी, चम्मच, लड़की, शेरनी, टोकरी आदि।

पुल्लिंग शब्दों की पहचान

दिनों के नाम
महीनों के नाम
पहाड़ों के नाम
पेड़ों के नाम (इमली को छोड़कर)

ग्रहों के नाम (पृथ्वी को छोड़कर)
देशों के नाम
समुद्रों के नाम
कुछ शब्दों में नर तथा मादा लगाकर पुल्लिंग या स्त्रीलिंग शब्द बनाया जाता है।
नर भालू, मादा भालू, नर कौआ, मादा कौआ।।

पुल्लिंग की पहचान – जिन शब्दों के पीछे 'आ' पन, 'पा' 'अक' तथा 'न' आता हो। वे पुल्लिंग शब्द होते है; जैसे-लड़का, बचपन, बुढ़ापा, गायक।

कुछ संज्ञा शब्द स्त्री तथा पुरुष के लिए समान रूप में प्रयोग किए जाते है; जैसे-प्रधानमंत्री, मंत्री, डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी, राष्ट्रपति आदि।

कुछ अन्य नाम

ग्रहों-तारों के नाम, धातुओं के नाम, शरीर अंग, भाववाचक संज्ञा, आकारांत शब्द।

स्त्रीलिंग शब्दों की पहचान

जो नाम स्त्रीलिंग होते हैं, वे इस प्रकार हैं-भाषा के नाम, नदियों के नाम, तिथियों के नाम कोमल भावों के नाम (दया, करूणा, ममता), शक्तिसूचक नाम (पुलिस, सेना, समिति), बोलियों के नाम, लिपियों के नाम (देवनागरी, फारसी)।

कुछ शब्द सदैव स्त्रीलिंग रहते हैं; जैसे-मक्खी, कोयल, मछली, छिपकली आदि।

स्त्रीलिंग की पहचान – जिन शब्दों के पीछे, ई या आवट आनी' 'आइन' 'ता' 'इन' आदि लगा होता है, वे स्त्रीलिंग होते हैं- बोली डिबिया, थकावट, महारानी, पंडिताइन, मित्रता, धोबिन आदि। प्राणियों के लिंग समझने व बताने में कठिनाई नहीं होती है। ईकारांत शब्द, आकारांत शब्द, उकारांत शब्द।

पुल्लिंग	प्रत्यय	स्त्रीलिंग
पुत्र	ई	पुत्री
लड़का	ई	लड़की
नर	ई	नारी
कटोरा	ई	कटोरी
बेटा	ई	बेटी
सुत	आ	सुता
छात्र	आ	छात्रा
आचार्य	आ	आचार्या
खाट	ईया	खटिया
बंदर	ईया	बंदरिया

आइन या आनी लगाकर

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
पंडित ठाकुर चौधरी चौबे	पंडिताइन ठकुराइन चौधराइन चौबाइन

कुछ सदैव अलग रूप

माता – पिता

भाई – बहने

गाय – बैल

वर – वधू

ससुर – सास

विद्वान – विदुषी।

लिंग से संबंधित यूटूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=SNwDBAi3yi8

02 https://www.youtube.com/watch?v=M36P7w9sxd4

03 https://www.youtube.com/watch?v=Dv4agFz9KOk

04 https://www.youtube.com/watch?v=ZHuqxWbMtas

05 https://www.youtube.com/watch?v=nhm8bfT9DZ4

वचन

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध होता है, वह वचन कहलाते हैं। जैसे- तालाब में बहुत सारी मछलियाँ हैं।

वचन के दो भेद होते हैं:-

एकवचन –

शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो, वह एकवचन कहलाते हैं। जैसे- स्त्री, घोड़ा, नदी, रुपया आदि।

बहुवचन –

शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो, वह बहुवचन कहलाते हैं। जैसे- स्त्रियाँ, घोड़े, नदियाँ, रूपये आदि।

वचन परिवर्तन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :

1. कुछ शब्द सदैव बहुवचन के रूप में ही प्रयोग किये जाते हैं; जैसे - हस्ताक्षर, आँसू, दर्शन, प्राण, दाम, अक्षत, लोग आदि।
2. कुछ शब्द सदैव एकवचन के रूप में ही प्रयोग होते हैं; जैसे - बारिश, पानी, दूध, घी, दही, आकाश, जनता आदि।
3. द्रव्यवाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा का प्रयोग सदैव एकवचन में ही होता है; जैसे - राजा हरिश्चंद्र सदैव सत्य बोलते थे।
4. आदरसूचक शब्दों में सदैव बहुवचन का प्रयोग किया जाता है; जैसे - माता जी बाज़ार गई हैं।
5. कुछ शब्द दोनों वचनों में एक जैसे रहते है। जैसे- पिता, योद्धा, चाचा, फल, बाज़ार, काग़ज़, फूल, छात्र, दादा, राजा, मुनि आदि।

वचन परिवर्तन –

'अ' के स्थान पर 'एँ' लगाकर

एकवचन	बहुवचन
पुस्तक	पुस्तकें
बात	बातें
बहन	बहनें
आँख	आँखें
कलम	कलमें
गाय	गायें
बांह	बांहें

'आ' के साथ 'एँ' लगाकर

एकवचन	बहुवचन
पत्रिका	पत्रिकाएँ
माला	मालाएँ
माता	माताएँ
कन्या	कन्याएँ
महिला	महिलाएँ
कथा	कथाएँ
अध्यापिका	अध्यापिकाएँ
सेना	सेनाएँ
लता	लताएँ
भुजा	भुजाएँ
शाखा	शाखाएँ

'आ' के स्थान पर 'ए' लगाकर

एकवचन	बहुवचन
पत्ता	पत्ते
लड़का	लड़के
छाता	छाते
रूपया	रूपये
बेटा	बेटे
कमरा	कमरे
जूता	जूते
बस्ता	बस्ते
घोड़ा	घोड़े
पक्का	पक्के
बच्चा	बच्चे
कपड़ा	कपड़े
रास्ता	रास्ते
तारा	तारे

'इ'/ 'ई' के स्थान पर 'इयाँ' लगाकर

एकवचन	बहुवचन
लड़की	लड़कियाँ
जाति	जातियाँ
चींटी	चीटियाँ
पत्ती	पत्तियाँ
मिठाई	मिठाइयाँ

नदी	नदियाँ
चाबी	चाबियाँ
थाली	थालियाँ
लकड़ी	लकड़ियाँ
रीति	रीतियाँ
सखी	सखियाँ
टोपी	टोपियाँ
तिथि	तिथियाँ
नारी	नारियाँ
सीढ़ी	सीढ़ियाँ

'इया' के 'या' पर चंद्रबिंदु(◌ँ)लगाकर

एकवचन	बहुवचन
गुड़िया	गुड़ियाँ
डिबिया	डिबियाँ
बुढ़िया	बुढ़ियाँ
बिंदिया	बिंदियाँ
चिड़िया	चिड़ियाँ
चुहिया	चुहियाँ
पुड़िया	पुड़ियाँ

'उ', 'ऊ ' तथा 'औ ' के साथ 'एँ' लगाकर

एकवचन	बहुवचन
ऋतु	ऋतुएँ
गौ	गौएँ
धातु	धातुएँ
वस्तु	वस्तुएँ
बहू	बहुएँ
धेनु	धेनुएँ

कुछ शब्दों के बहुवचन, शब्दों के अंत में नए शब्द जोड़कर बनाए जाते हैं:

एकवचन	बहुवचन
पक्षी	पक्षीवृंद
अध्यापक	अध्यापकगण
सज्जन	सज्जनलोग
मज़दूर	मज़दूरवर्ग
गुरु	गुरुजन
व्यापारी	व्यापारीगण
छात्र	छात्रगण
प्रजा	प्रजाजन
कवि	कविगण
विद्यार्थी	विद्यार्थीगण
अमीर	अमीरलोग
मित्र	मित्रवर्ग

वचन से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=whO-GONEI6M

02 https://www.youtube.com/watch?v=TlR8_hVajwQ

03 https://www.youtube.com/watch?v=ONt-H-pmoy0

04 https://www.youtube.com/watch?v=4TKablyH6Bg

05 https://www.youtube.com/watch?v=uYo5KfiJ-lA

विलोम शब्द / विपरीतार्थक शब्द

किसी शब्द का विपरीत या उल्टा अर्थ देने वाले शब्द विपरीतार्थक / विलोम शब्द कहलाते हैं। विलोम शब्दों में तत्सम का विपरीत तत्सम और तदभव का विपरीत तदभव शब्द होता है। कुछ विलोम शब्द उपसर्ग लगाकर बनते हैं; जैसे - शुद्ध - अशुद्ध और कुछ के उपसर्ग बदलकर भी बनते हैं; जैसे - आस्तिक - नास्तिक।

कुछ विलोम शब्दों के उदाहरण नीचे दिए जा रहे है –

क्र.सं	शब्द	विलोम
1	आलस्य	स्फूर्ति
2	निर्माण	ध्वंस
3	सुपुत्र	कुपुत्र
4	सौभाग्य	दुर्भाग्य
5	कायर	वीर
6	अनुज	अग्रज
7	उपकार	अपकार
8	उदार	अनुदार
9	क्रय	विक्रय
10	योग्य	अयोग्य
11	शिष्ट	अशिष्ट
12	सामान्य	असामान्य
13	निर्मल	मलिन
14	अमृत	विष
15	लाभ	हानि
16	हिंसा	अहिंसा
17	प्रेम	घृणा
18	आज्ञा	अवज्ञा
19	न्याय	अन्याय
20	आकाश	पाताल

21	एकता	अनेकता
22	बाढ़	सूखा
23	अनुराग	विराग
24	अर्थ	अनर्थ
25	हित	अहित
26	शिक्षित	अशिक्षित
27	आदान	प्रदान
28	मानव	दानव
29	उर्वर	ऊसर
30	राजा	रंक

31	आगमन	प्रस्थान
32	सुगम	दुर्गम
33	स्तुति	निंदा
34	प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
35	उष्ण	शीत
36	आदि	अंत
37	कृतज्ञ	कृतघ्न
38	अपमान	सम्मान
39	इच्छा	अनिच्छा
40	स्नेह	घृणा
41	चिंतित	निश्चिंत
42	सख्त	कोमल
43	जीवन	मरण / मृत्यु

44	उत्थान	पतन
45	सफल	असफल
46	उत्कृष्ट	निकृष्ट
47	आयात	निर्यात
48	शुद्ध	अशुद्ध
49	धनी	निर्धन
50	पाप	पुण्य

विलोम शब्द / विपरीतार्थक शब्द से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=momRY30ygj4

02 https://www.youtube.com/watch?v=b2JLZMA49zE

03 https://www.youtube.com/watch?v=faRnrw8qmf4

04 https://www.youtube.com/watch?v=d_QHA2L1qEA

05 https://www.youtube.com/watch?v=YdXWpA4oTYo

'कारक'

इन दो 'परिभाषाओं' का अर्थ यह हुआ कि संज्ञा या सर्वनाम के आगे जब 'ने', 'को', 'से' आदि विभक्तियाँ लगती हैं, तब उनका रूप ही 'कारक' कहलाता है।

विभक्ति या परसर्ग - जिन प्रत्ययों की वजह से कारक की स्थिति का बोध होता है, उसे विभक्ति या परसर्ग कहते हैं।

उदाहरण -

श्रीराम **ने** रावण **को** बाण **से** मारा।

इस वाक्य में प्रत्येक शब्द एक-दूसरे से बँधा है और प्रत्येक शब्द का सम्बन्ध किसी न किसी रूप में क्रिया के साथ है।

यहाँ 'ने' 'को' 'से' शब्दों ने वाक्य में आये अनेक शब्दों का सम्बन्ध क्रिया से जोड़ दिया है। यदि ये शब्द न हो तो शब्दों का क्रिया के साथ तथा आपस में कोई सम्बन्ध नहीं होगा। संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ सम्बन्ध स्थापित करने वाला रूप कारक होता है।

कारक के भेद

1. कर्ता कारक
2. कर्म कारक
3. करण कारक
4. संप्रदान कारक
5. अपादान कारक
6. संबंध कारक
7. अधिकरण कारक
8. संबोधन कारक

कारक के लक्षण, चिन्ह, और विभक्ति चिन्ह

	कारक	लक्षण	चिन्ह	विभक्ति
(i)	कर्ता	क्रिया को पूरा करने वाला	ने	प्रथमा
(ii)	कर्म	क्रिया को प्रभावित करने वाला	को	द्वितीया
(iii)	करण	क्रिया का साधन	से, के द्वारा	तृतीया
(iv)	सम्प्रदान	जिसके लिए काम हो	को, के लिए	चतुर्थी
(v)	अपादान	जहाँ पर अलगाव हो	से	पंचमी
(vi)	संबंध	जहाँ पर पदों में संबंध हो	का, की, के, रा, री, रे	षष्ठी
(vii)	अधिकरण	क्रिया का आधार होना	में, पर	सप्तमी
(viii)	सम्बोधन	किसी को पुकारना	हे, अरे!, हो!	सम्बोधन

कर्ता कारक

जो वाक्य में कार्य करता है, उसे कर्ता कहा जाता है। अथार्त वाक्य के जिस रूप से क्रिया को करने वाले का पता चले, उसे कर्ता कहते हैं।

दूसरे शब्द में - क्रिया का करने वाला 'कर्ता' कहलाता है।

कर्ता कारक की विभक्ति 'ने' होती है। 'ने' विभक्ति का प्रयोग भूतकाल की क्रिया में किया जाता है। कर्ता स्वतंत्र होता है। कर्ता कारक में ने विभक्ति का लोप भी होता है। इस 'ने' चिह्न का वर्तमानकाल और भविष्यकाल में प्रयोग नहीं होता है। इसका सकर्मक धातुओं के साथ भूतकाल में प्रयोग होता है।

जैसे -

1.राम ने रावण को मारा।

2.लड़की स्कूल जाती है।

पहले वाक्य में क्रिया का कर्ता राम है। इसमें 'ने'कर्ता कारक का विभक्ति-चिह्न है। इस वाक्य में 'मारा'भूतकाल की क्रिया है। 'ने'का प्रयोग प्रायः भूतकाल में होता है। दूसरे वाक्य में वर्तमानकाल की क्रिया का कर्ता लड़की है। इसमें 'ने'विभक्ति का प्रयोग नहीं हुआ है।

कर्म कारक

जिस संज्ञा या सर्वनाम पर क्रिया का प्रभाव पड़े, उसे कर्म कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्म कारक कहते है।
इसकी विभक्ति 'को' है। लेकिन कहीं-कहीं पर कर्म का चिन्ह लोप होता है।
जैसे- माँ बच्चे को सुला रही है।

इस वाक्य में सुलाने की क्रिया का प्रभाव बच्चे पर पड़ रहा है। इसलिए 'बच्चे को' कर्म कारक है।

राम ने रावण को मारा।
यहाँ 'रावण को' कर्म है।

बुलाना, सुलाना, कोसना, पुकारना, जमाना, भगाना आदि क्रियाओं के प्रयोग में अगर कर्म संज्ञा हो, तो 'को' विभक्ति जरुर लगती है।

जैसे -

(i) अध्यापक, छात्र को पीटता है।
(ii) सीता फल खाती है।
(iii) ममता सितार बजा रही है।

(iv) राम ने रावण को मारा।

(v) गोपाल ने राधा को बुलाया।

(vi) मेरे द्वारा यह काम हुआ।

करण कारक

जिस वस्तु की सहायता से या जिसके द्वारा कोई काम किया जाता है, उसे करण कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के सम्बन्ध का बोध हो, उसे करण कारक कहते है। इसकी विभक्ति 'से' है।

'करण' का अर्थ है 'साधन'। अतः 'से' चिह्न वहीं करणकारक का चिह्न है, जहाँ यह 'साधन' के अर्थ में प्रयुक्त हो।

जैसे -

हम आँखों से देखते है।
इस वाक्य में देखने की क्रिया करने के लिए आँख की सहायता ली गयी है। इसलिए आँखों से करण कारक है।

हिन्दी में करणकारक के अन्य चिह्न है - से, द्वारा, के द्वारा, के जरिए, के साथ, के बिना इत्यादि। इन चिह्नों में अधिकतर प्रचलित से', 'द्वारा', 'के द्वारा' 'के जरिए' इत्यादि ही है।

सम्प्रदान कारक

जिसके लिए कोई क्रिया (काम) की जाती है, उसे सम्प्रदान कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - जिसके लिए कुछ किया जाय या जिसको कुछ दिया जाय, इसका बोध करानेवाले शब्द के रूप को सम्प्रदान कारक कहते है। इसकी विभक्ति 'को' और 'के लिए' है।

सम्प्रदान कारक का अर्थ होता है – देना। जिसके लिए कर्ता काम कर्ता है, उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं।
सम्प्रदान कारक के विभक्ति चिन्ह के लिए और को होता है। इसको 'किसके लिए' प्रश्नवाचक शब्द लगाकर भी पहचाना जा सकता है। समान्य रूप से जिसे कुछ दिया जाता है या जिसके लिए कोई कार्य किया जाता है, उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं।

जैसे -

(i) गरीबों को खाना दो।

(ii) मेरे लिए दूध लेकर आओ।

(iii) माँ बेटे के लिए सेब लायी।

अपादान कारक

जिससे किसी वस्तु का अलग होना पाया जाता है, उसे अपादान कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते है।

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से अलग होना, उत्पन्न होना, डरना, दूरी, लजाना, तुलना करना आदि का पता चलता है, उसे अपादान कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिन्ह से होता है। इसकी पहचान 'किससे' जैसे प्रश्नवाचक शब्द से भी की जा सकती है।

इसकी विभक्ति 'से' है।

जैसे-

दूल्हा घोड़े **से** गिर पड़ा।

इस वाक्य में 'गिरने' की क्रिया 'घोड़े से' हुई अथवा गिरकर दूल्हा घोड़े से अलग हो गया। इसलिए 'घोड़े से' अपादान कारक है।

जिस शब्द में अपादान की विभक्ति लगती है, उससे किसी दूसरी वस्तु के पृथक होने का बोध होता है।

जैसे-

हिमालय से गंगा निकलती है।
मोहन ने घड़े से पानी ढाला।

सम्बन्ध कारक

शब्द के जिस रूप से संज्ञा या सर्वनाम के संबध का ज्ञान हो, उसे सम्बन्ध कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी अन्य शब्द के साथ सम्बन्ध या लगाव प्रतीत हो, उसे सम्बन्धकारक कहते है।

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप की वजह से एक वस्तु की दूसरी वस्तु से संबंध का पता चले उसे संबंध कारक कहते हैं। इसके विभक्ति चिन्ह का, के, की, रा, रे, री आदि होते हैं। इसकी विभक्तियाँ संज्ञा, लिंग, वचन के अनुसार बदल जाती हैं।

जैसे -

(i) सीतापुर, मोहन का गाँव है।

(ii) सेना के जवान आ रहे हैं।

(iii) यह सुरेश का भाई है।

(iv) यह सुनील की किताब है।

(v) राम का लड़का, श्याम की लडकी, गीता के बच्चे।

इस कारक से अधिकतर कर्तृत्व, कार्य-कारण, मोल-भाव, परिमाण इत्यादि का बोध होता है।

जैसे -

अधिकतर - राम की किताब, श्याम का घर।

कर्तृत्व - प्रेमचन्द्र के उपन्यास, भारतेन्दु के नाटक।

कार्य-करण - चाँदी की थाली, सोने का गहना।

मोल-भाव - एक रुपए का चावल, पाँच रुपए का घी।

परिमाण -

चार भर का हार, सौ मील की दूरी, पाँच हाथ की लाठी।

अधिकरण कारक

शब्द के जिस रूप से क्रिया के आधार का ज्ञान होता है, उसे अधिकरण कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - क्रिया या आधार को सूचित करनेवाली संज्ञा या सर्वनाम के स्वरूप को अधिकरण कारक कहते है।

अधिकरण का अर्थ होता है - आधार या आश्रय। संज्ञा के जिस रूप की वजह से क्रिया के आधार का बोध हो उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसकी विभक्ति में और पर होती है। भीतर, अंदर, ऊपर, बीच आदि शब्दों का प्रयोग इस कारक में किया जाता है।

इसकी पहचान किसमें, किसपर, किस पे आदि प्रश्नवाचक शब्द लगाकर भी की जा सकती है। कहीं-कहीं पर विभक्तियों का लोप होता है, तो उनकी जगह पर किनारे, यहाँ, वहाँ, समय आदि पदों का प्रयोग किया जाता है। कभी-कभी 'में' के अर्थ में 'पर' और 'पर' के अर्थ में 'में' लगा दिया जाता है।

जैसे -

(i) हरी घर में है।

(ii) पुस्तक मेज पर है।

(iii) पानी में मछली रहती है।

(iv) फ्रिज में सेब रखा है।

(v) कमरे के अंदर क्या है।

संबोधन कारक

जिन शब्दों का प्रयोग किसी को बुलाने या पुकारने में किया जाता है, उसे संबोधन कारक कहते है।

दूसरे शब्दों में - संज्ञा के जिस रूप से किसी के पुकारने या संकेत करने का भाव पाया जाता है, उसे सम्बोधन कारक कहते है।

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से बुलाने या पुकारने का बोध हो उसे सम्बोधन कारक कहते हैं। जहाँ पर पुकारने, चेतावनी देने, ध्यान बटाने के लिए जब सम्बोधित किया जाता है, उसे सम्बोधन कारक कहते हैं।

इसकी पहचान करने के लिए (!) चिन्ह लगाया जाता है। इसके चिन्ह हे, अरे, अजी आदि होते हैं। इसकी कोई विभक्ति नहीं होती है।

जैसे -

(i) हे ईश्वर! रक्षा करो।

(ii) अरे! बच्चो शोर मत करो।

(iii) हे राम! यह क्या हो गया।

(iv) अरे भाई! यहाँ आओ।

(v) अजी तुम उसे क्या मरोगे?

कर्म और सम्प्रदान कारक में अंतर

इन दोनों कारक में 'को' विभक्ति का प्रयोग होता है। कर्म कारक में क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है और सम्प्रदान कारक में देने के भाव में या उपकार के भाव में को का प्रयोग होता है।

जैसे -

(i) विकास ने सोहन को आम खिलाया।

(ii) मोहन ने साँप को मारा।

(iii) राजू ने रोगी को दवाई दी।

(iv) स्वास्थ्य के लिए सूर्य को नमस्कार करो।

करण और अपादान कारक में अंतर

करण और अपादान दोनों ही कारकों में 'से' चिन्ह का प्रयोग होता है। परन्तु अर्थ के आधार पर दोनों में अंतर होता है। करण कारक में जहाँ पर 'से' का प्रयोग साधन के लिए होता है, वहीं पर अपादान कारक में अलग होने के लिए किया जाता है।

कर्ता कार्य करने के लिए जिस साधन का प्रयोग करता है उसे करण कारक कहते हैं। लेकिन अपादान में अलगाव या दूर जाने का भाव निहित होता है।

'कारक' से संबंधित यूट्यूब लिंक्स

01 https://www.youtube.com/watch?v=hrxXbBZ1B2Y

02 https://www.youtube.com/watch?v=x99xdsZDql4

03 https://www.youtube.com/watch?v=-73ebrbpbgQ

04 https://www.youtube.com/watch?v=mCd-BETvCQw

05 https://www.youtube.com/watch?v=nT02BDXeCoI

06 https://www.youtube.com/watch?v=7JqcELMd_Tg

07 https://www.youtube.com/watch?v=hdhApCM3z1k

08 https://www.youtube.com/watch?v=uqgTPPCpbd0

09 https://www.youtube.com/watch?v=Y3OT4sK9kf8

10 https://www.youtube.com/watch?v=tChYFxQc8Yg

संधि

संधि का अर्थ है-मेल। जब दो वर्षों के मेल से उनके मूल रूप में जो परिवर्तन या विकार आ जाता है, वह संधि कहलाता है; जैसे-

नर + ईश = नरेश

विद्या + अर्थी = विद्यार्थी

उपर्युक्त उदाहरणों में पहले शब्द के अंतिम वर्ण तथा दूसरे शब्द के पहले वर्ण के मेल में परिवर्तन आ गया है। यही परिवर्तन संधि है।

संधि विच्छेद – संधि का अर्थ है-मिलना, विच्छेद का अर्थ है-अलग होना। दो वर्षों के मेल से बने नए शब्द को वापस पहले की स्थिति में लाना संधि विच्छेद कहलाता है; जैसे–

विद्यालय = विद्या + आलय

सूर्योदय = सूर्य + उदय

संधि के भेद – संधि के तीन भेद होते हैं।

(क) स्वर संधि

(ख) व्यंजन संधि

(ग) विसर्ग संधि।

(क) स्वर संधि –

स्वर संधि यानी स्वरों का मेल। दो स्वरों के मेल से होने वाले परिवर्तन को स्वर संधि कहते हैं; जैसे– महा + आत्मा = महात्मा, हिम + आलय = हिमालय।

स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं

दीर्घ संधि

गुण संधि

वृधि संधि

यण संधि

अयादि संधि

